# दिल्ली पुलिस

## सूचना

## दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (लिपिकीय) पद के लिए सीधी भर्ती परीक्षा, 2019

**ऑनलाईन पंजीकरण खुलने की तिथि : 14-10-2019**

**ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि : 13-11-2019**

**आधिकारिक वेबसाइट : www.delhipolice.nic.in**

दिल्ली पुलिस में वेतन मैट्रिक्स लेवल-4 में (रू. 25500-81100) तथा समय-समय पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को देय और लागू भत्तों के साथ अस्थाई प्रधान सिपाही (लिपिकीय) (समूह 'ग') पद के लिए निम्नलिखित रिक्तियाँ भरने हेतु पुरूष और महिला भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। वे दिल्ली पुलिस अधिनियम और बल के अन्य सदस्यों के लिये लागू केंद्रीय सिविल सेवाएं नियम तथा समय-समय पर लागू नियमों द्वारा शासित होंगे। नियुक्ति होने पर वे 01.01.2004 से केंद्रीय सरकार की सेवाओं में आने वाले नए व्यक्तियों के लिए लागू 'नई पुनर्गठित परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना' के अनुसार पेंशन के हकदार होंगे-

| पद का नाम | | रिक्तियों की संख्या | | | | | | वेतन मैट्रिक्स लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामा./अना. | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | |
| प्रधान सिपाही (लिपिकीय) | पुरूष | 140 | 37 | 86 | 56 | 53 | 372 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-4 (Rs. 25500-81100) |
| | महिला | 69 | 18 | 42 | 27 | 26 | 182 | |

*रिक्तियों की संख्या निर्देशात्मक है जिसमें अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले किसी भी समय परिवर्तन किया जा सकता है।

टिप्पणी :-

i. भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों (भू.पू.सै.) के लिए 10% रिक्तियाँ आरक्षित हैं। केन्द्रीय अर्द्ध-सैनिक बलों के कार्मिक भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

ii. शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 3% रिक्तियाँ आरक्षित हैं (40% या अधिक गमन अक्षम दिव्यांगता (लोकोमोटर) (एक या दोनों टांगें प्रभावित)। उनके पद की प्रकृति सिविलियन होगी और वे दिल्ली पुलिस की वर्दी नहीं पहनेंगे।

iii. प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर हैं : अना.-अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अ.पि.व.-अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा.-अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.-अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूडी-दिव्यांग व्यक्ति।

निम्नलिखित शर्तें पूरी करने वाले देश के सभी भागों से उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं-

**(1) 01-07-2019 को आयु :-** अना./ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों हेतु 18 से 25 वर्ष, निम्नलिखित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नीचे वर्णित आयु तक छूट -

- अ.पि.व. : 28 वर्ष
- अ.जा./अ.ज.जा. - 30 वर्ष।
- दिव्यांग व्यक्ति : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष (अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष)।
- विधवा/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है- अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष (अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष)।
- पुरूष खिलाड़ी/महिला खिलाड़ी- अना./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 35 वर्ष) जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है।
- दिल्ली पुलिस के विभागीय उम्मीदवार - अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष (अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष) जिन्होंने दिल्ली पुलिस में 03 वर्ष की नियमित और लगातार सेवा की है।
- भूतपूर्व सैनिकों के लिए नियमानुसार।

**(2) शैक्षणिक योग्यता :-** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (वरिष्ठ माध्यमिक) उत्तीर्ण।

**(3) व्यावसायिक अपेक्षा :-** अंग्रेजी टंकण में गति-30 श.प्र.मि. अथवा हिंदी टंकण में गति - 25 श.प्र.मि.

## चेतावनी :-

(1) आवेदन पत्र में झूठी सूचना प्रेषित करना अथवा तथ्यात्मक सूचना को छिपाना, पद के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

•••

विस्तृत Notification के लिए क्लिक करें : www.delhipolice.nic.in